कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्रीमती शशि बसंल पत्नि श्री रमेश बसंल जाति बसंल निवासी सी–41, फेज–4, धर्मकॉटे के पीछे, झालाना डूंगरी, जयपुर (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, दौसा

अपील सं0 08 / 2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 28.02.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, दौसा को दिनांक 26.12.2017 को सूचना / नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, दौसा द्वारा उनके पत्रांक भू0अ0 / 2018 / 1153 दिनांक 22.02.2018 द्वारा अवगत कराया कि प्रार्थीया श्रीमति शशि बसंल को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है तथा प्रार्थीया को भी सूचित किया जा चुका है। तहसीलदार, दौसा द्वारा पत्रादि की छाया प्रति संलग्न भिजवाई जाकर अपील निरस्त करने हेतु भी निवेदन किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा